
www.jagran.com

दैनिक जागरण दि-01.04.25 P.14.13

# सीआइएसएफ की साइक्लोथान ने दिया सुरक्षित तट का संदेश

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** सीआइएसएफ का सुरक्षित तट, समृद्ध भारत के संदेश के साथ तटीय साइक्लोथान कन्याकुमारी में संपन्न हो गया। गृह मंत्री अमित शाह ने सात मार्च को यात्रा को वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाई थी। साइक्लोथान में 6553 किलोमीटर की दूरी तय की गई। इस दौरान 2.5 करोड़ लोग इससे जुड़े। तटीय सीमा से जुड़े इलाकों में आम लोगों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए पहली बार इतने बड़े पैमाने पर साइक्लोथान का आयोजन किया गया।

वैसे तो तटीय इलाकों में अंतरिक्ष, रक्षा, परमाणु ऊर्जा, पेट्रोलियम और शिपिंग से जुड़े 135 संस्थानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआइएसएफ के पास है, लेकिन सीआइएसएफ की कार्यवाही इन संस्थानों तक ही सीमित रहती थी। पहली बार सीआइएसएफ के जवान पूरे समुद्री तट पर आम लोगों के बीच पहुंचे और उनसे तटीय सुरक्षा को लेकर अहम सुझाव लिए।



गृह मंत्री अमित शाह • जागरण आर्काइव

- गृह मंत्री शाह ने सात मार्च को यात्रा को वर्चुअल तरीके से दिखाई थी हरी झंडी
- सीआइएसएफ का दावा- यात्रा के दौरान 2.5 करोड़ लोगों के साथ हुआ संपर्क

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि तटीय सुरक्षा को लेकर मिले इन सुझावों को संबंधित एजेंसियों के साथ साझा किया जाएगा। तटीय इलाकों के विभिन्न समुदायों के साथ पहली बार हुए संपर्क को स्थायी करने के लिए कार्यक्रम बनाए जाएंगे।